## ज्ञापन सौंपा

**भरतपुर** (निस)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा जिला कलेक्टर भरतपुर को वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कुन्तल ने बताया कि राजस्थान सरकार माता-पिता भरण पोषण एक्ट 2010 के नियम 23 की पालना में जिला समन्वय समिति के गठन करवाया जाकर त्रैमासिक बैठक आयोजित करवाने तथा वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न कार्यक्रमों एवं मीटिंग के आयोजन हेतु सरकारी सामुदायिक भवन उपलब्ध करवाने एवं सारस चौराहे के पास संभागीय आयुक्त तथा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय होने के कारण करौली, सवाई माधोपुर, भरतपुर, डीग, गंगापुर सिटी, धौलपुर के आमजन प्रतिदिन आवागमन रहने एवं प्रतियोगी परीक्षाओ सेना एवं पुलिस भर्ती आदि की भारी संख्या में हजारों युवा प्रतिभागीयों का आवागमन बना रहता है इस कारण सारस चौराहे पर दोनों तरफ सुलभ शौचालय बनवाने के लिए ज्ञापन पत्र प्रस्तुत किया गया। जिला कलक्टर द्वारा ज्ञापन पत्र प्राप्त करने पर उन्होंने आश्वासन दिया है कि सुलभ शौचालय का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ हो रहा है तथा जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित करवाने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को निर्देश जारी किये गये हैं। प्रतिनिधि मण्डल में वरिष्ठ नागरिक के जिला उपाध्यक्ष डॉ.सतीश पाराशर, अतिरिक्त महामंत्री शिवदत्त तेनगुरिया, कार्यकारिणी सदस्य मानसिंह सोनी, आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के समक्ष विभिन्न समस्याओ के निराकरण की मांग की

**गंगापुर सिटी ।** रीको औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारियों-उद्यमियों ने मंगलवार को कलेक्टर के समक्ष विभिन्न समस्याएं रखते हुए समस्या-शिकायतों के निराकरण की मांग की है। कलेक्टर डॉ.गौरव सैनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की

- **कलेक्टर डॉ.गौरव सैनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक में कलेक्टर ने उद्यमियों की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।**

बैठक में कलेक्टर ने उद्यमियों की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र



**जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते उद्यमी।**

निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान कुल छः प्रकरण प्राप्त हुए। उपक्रमी संगठन के उद्यमियों ने कलेक्टर को बताया कि रीको गंगापुर सिटी के मध्य से होकर दौसा गंगापुर रेल परियोजना के तहत रेल लाइन निकाली गई है, जिसके तहत रीको में दो अंडरपास का निर्माण रेलवे द्वारा किया गया है एवं विगत चार वर्ष से मदनमोहन इंडस्ट्रीज के पास वाले अंडरपास का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा रेलवे के उच्च अधिकारियों को मानदंडों के अनुसार लंबित कार्य शीघ्र करवाने के लिए स्मरण पत्र भिजवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उद्यमियों ने जिला कलेक्टर को बताया कि रीको नगर परिषद गंगापुर सिटी द्वारा उदेई मोड से सालौदा का पानी रीको से होकर मालियों का पूरा होते हुए कॉलेज रोड पर निकाला जाता है, लेकिन मालियों के पुरा वाले रोड पर नालियों की चौडाई कम होने की वजह से थोडी बरसात में ही यह पानी रीको के अंदर काजल ट्रेडिंग एवं अरूणा एंटरप्राइजेज वाले रोड पर भर जाता है। साथ ही ज्यादा बरसात होने पर नाले के बहाव क्षेत्र की सभी रोड जलमग्न हो जाती है। इसके कारण इन रोड पर स्थित फैक्ट्रियों में पानी भरने का खतरा रहता है। साथ ही रोड पर गड्ढे हो गए है, जिसके कारण आए दिन लोगों के वाहन गड्ढों के कारण गिरते है। कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी एवं नगर परिषद आयुक्त बृजेन्द्र मीना को निर्देशित करते हुए उक्त समस्या के शीघ्र निस्तारण के लिए कहा। इसके अतिरिक्त विद्युत कनेक्शन एवं रिप्स एवं एमएलयूपी योजना में लाभ से संबंधित अन्य प्रकरणों की भी जिला कलेक्टर ने समीक्षा की और जेवीवीएनएल के अधिशासी अभियंता रूप सिंह गुर्जर एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सवाई माधोपुर के महाप्रबंधक एवं सदस्य सचिव सुग्रीव मीना को नियमानुसार प्रकरणों के निस्तारण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान रिको के आरएम जीएस मीना, उपक्रमी संगठन के अध्यक्ष हनुमान अग्रवाल, लघु उद्योग भर्ती के महामंत्री शिव जांगिड, उपक्रमी संगठन के महामंत्री संकेत गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### कृष्ण रुक्मणी के विवाह की कथा सुनाई

**सूरौठ।** तहसील के समीपवर्ती ग्राम ढिंढोरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन आचार्य सुनील दत्त शास्त्री जी महाराज वल्लवगढ फरीदाबाद वालों के मुखारविंद से श्री कृष्ण की बाल लीलाएं, व कृष्ण सुदामा कि मित्रता व कृष्ण रुक्मणी विवाह कि कथा सहित कथा का पूरा सार सुनाया गया जिस पर आयोजक विजेंद्र पंडित ढिंढोरा, दीपक, संजय , गोवर्धन कुभंज ढिंढोरा वालों की ओर से करवाई जा रही श्रीमद् भागवत कथा मे शास्त्री जी द्वारा सुनाए गए भजनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक सुनाई गई जिन्हें सुनकर श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए सभी भक्तजनों ने महाराज जी के चरण स्पर्श कर लिया आशीर्वाद व शाम को भगवान की आरती करने के पश्चात में भगवान को भोग लगाने के बाद सभी, भक्तजनों को प्रसादी का किया गया वितरण आज गुरूवार को भंडारे प्रसादी का आयोजन किया जाएगा इस मौके पर श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए सूरौठ तहसील सहित आसपास के क्षेत्र के कई भक्तगण सहित गोपाल कुंभज ,मदन, मंगल , लक्ष्मी नारायण , अमरसिंह जगदीश सहित कई भक्तगण उपस्थित रहे ।

### रात्रि चैपाल का आयोजन आज

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि आज गुरूवार को सांय 6:00 बजे से ग्राम पंचायत सलेमपुर, पंचायत समिति सपोटरा, में रात्रि चैपाल व जनसुनवाई में आमजन की समस्याऐं सुनकर उनका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज

**करौली**(नि.स.)। मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना ने बताया है कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम त्रैमासिक बैठक सांसद भजन लाल जाटव की अध्यक्षता में आज गुरूवार को प्रात: 10:00 बजे से जिला कलेक्ट्रेट सभागार करौली में आयोजित की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों के बैठक में भाग लेने व समय पर उपस्थित होने के संबंध में निर्देश जारी किये है।

### कारण बताओ नोटिस दिये

**भरतपुर ( निस )।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने न्यून प्रगति प्रदर्शित करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान शेष दिवसों में तथा विशेष कैंपों व विशेष अभियान तिथियों में कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करने के आदेश प्रदान किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1 जनवरी 2025 के संदर्भ में बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सूची में नाम जोडने, नाम हटाने तथा प्रविष्टियों में संशोधन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवेदन लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त नहीं किए जा रहे हैं। जिस कारण जिले में 18-19 वर्ष के आयु के मतदाता पंजीयन से शेष रह गये तथा जेण्डर रेशो, प्रोजेक्टेड जेण्डर रेशो एण्ड ईपी रेशो, प्रोजेक्टेड ईपी रेशो का लक्ष्य के अनुरूप सुधार नहीं हो पा रहा है। उन्होंने लक्ष्यों में पिछडने वाले सभी बीएलओ व सुपवाईजरों को नोटिस जारी कर प्रगति लाने के निर्देश दिये हैं

### साधारण सभा की बैठक 19 को

**करौली ( नि.स. )।** विकास अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि पंचायत समिति करौली की साधारण सभा की विशेष बैठक 19 नवम्बर को प्रात: 11 बजे से प्रधान हुकम बाई मीना की अध्यक्षता में सभा भवन करौली में आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिये है।

### क्लस्टर कैम्पों का आयोजन 18 व 19 को

**करौली( नि.स. ) ।** जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी टोडाभीम, हिण्डौन, सपोटरा व करौली को 18 नवम्बर को पीडब्ल्युडी व 19 नवम्बर को ट्रांसजेण्डर, पीवीटीजी, डेनोटीफाइड एण्ड नोमडिक ट्राईब्स हेतु क्लस्टर कैम्पों का आयोजन कराते हुए आयोजित कैम्पों के रंगीन फोटो, ऑडियो, वीडियो कार्यालय ई-मेल आईडी `अममचांतंनसपध्हउंपसणबवउ पर आवश्यक रूप से भिजवाने व गुगलशीट लिंक पर भरवाये जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### जनसुनवाई का आयोजन आज

**करौली ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया है कि जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आज गुरूवार को पंचायत समिति सपोटरा, में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याऐं सुनकर उनका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है।

### व्यक्ति की करंट लगने से मौत

**भरतपुर ( निस )।** गहनौली मोड थाना क्षेत्र के गांव सैदपुरा में एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। सैदपुरा निवासी शिशुपाल के शव का गहनौली मोड थाना पुलिस ने जिला आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सैदपुरा गांव निवासी 28 वर्षीय शिशुपाल पुत्र सुम्मेरा अपने खेतों में पानी डालने गया था। जहां खेत में कार्य करते समय विद्युत के खंभे की खेंच में आ रहे करंट की चपेट में आ गया। सुबह जब लोग खेत पर गए तो शिशुपाल को अचेतावस्था में पडा देखा। जिस पर शिशुपाल को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल लेकर पंहुचे। जहां चिकित्सकों ने शिशुपाल को मृत घोषित कर दिया।

# एक माह पूर्व हुई हत्या के मामले का खुलासा

**टोडाभीम।** उपखंड मुख्यालय के समीपवर्ती असरो बालासागर गांव में 24 सितंबर की रात्रि को अज्ञात बदमाशों ने युवक शिव सिंह सैनी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिस पर परिजनों ने मुख्य चौराहे पर विरोध प्रदर्शन भी किया था ।वही इस मामले में टोडाभीम पुलिस उपाधीक्षक मुरारी लाल मीना वह थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने युवक के मर्डर करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जिसमें हत्या में शामिल बदमाश शीशराम भील को गिरफ्तार कर लिया गया है पुलिस उपाधीक्षक मुरारी लाल मीना ने बताया कि उक्त घटना 24 सितंबर रात्रि को 11:30 बजे की है। तीन अज्ञात व्यक्ति एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से मृतक शिव सिंह सैनी के घर असरों वाला सागर के घर के मेंन गेट के सामने आकर आवाज मारते हैं। और मृतक शिव सिंह सैनी को आवाज देकर बाहर बुलाते हैं ।मृतक के साथ झगड़ा कर सर में गोली मारकर फरार हो जाते हैं। जिसको लेकर पुलिस ने गंभीरता को देखते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। और टोडाभीम पुलिस को सफलता भी मिली है। उन्होंने बताया कि मृतक के चरित्र ,मित्र, रंजीश आपसी विवादों को चिन्हित कर प्रत्येक बिंदु को ध्यान में रखकर घटना की जांच की। वही उक्त टीम में थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा टोडाभीम, अजीत मोगा सहायक उप निरीक्षक प्रभारी साइबर सेल सवाई माधोपुर, विजय सिंह हेड कांस्टेबल गंगापुर सिटी ,साहब सिंह ,हेड कांस्टेबल राजेश खन्ना, शिवप्रसाद ,तेजराम मु,केश कुमार ,राजेश, महेश, सिमरन, पवन ,कैलाश ,शैलेंद्र, पुरुषोत्तम ,बलवीर व जिला स्पेशल टीम गंगापुर सिटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# समस्याओ के समाधान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**करौली( नि.स. )।** करौली के मोक्षधाम के क्षितग्रस्त मार्ग और पुराने कन्या महाविद्यालय कि जर्जर इमारत का समाधान करने कि मांग को लेकर शहरवासियों ने कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। और ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द समस्या समाधान कर आमजन को राहत देने की मांग की है।

करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना को शहरवासी वैभव पाल,धर्म मीणा,सुरे'ा शुक्ला सहित कई जागरूक युवाओ ने ज्ञापन पे'ा कर बताया कि करौली के एकमात्र मोक्ष धाम मासलपुर गेट बाहर स्थित है। मोक्षधाम तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह से क्षितग्रस्त है। ऐसे में मोक्ष धाम तक जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मार्ग के क्षितग्रस्त होने के कारण कई



**करौली शहर की समस्याओ को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपते युवा ।**

बार अर्थी को ले जाने में भी परेशानी होती है। दूसरी ओर हिंडौन दरवाजा के पास स्थित पुराने कन्या महाविद्यालय कि खाली इमारत जर्जर हो रही है। ऐसे में मुख्य मार्ग पर जर्जर इमारत के गिरने कि संभावना बनी रहती है। जर्जर भवन के कारण आसपास के लोग भय के साए में रहने को मजबूर है। शहरवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मोक्ष धाम तक जाने वाले मार्ग के नवीनीकरण और जर्जर इमारत का निस्तारण करने कि मांग कि है।

# शिवसिंह मर्डर केस का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बुधवार को टोडाभीम में 24 सितंबर को हुये शिवसिंह सैनी हत्याकांड का पुलिस ने करीब दो माह बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मर्डर के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयोग ली बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक गुप्ता ने बताया कि 24 सितंबर को तीन व्यक्ति भगवान सहाय बावरिया पुत्र रामकरण बावरिया निवासी कालेडी पुलिस थाना पापडदा जिला दौसा, शीशराम भील पुत्र प्रहलाद भील निवासी खोहरा मुल्ला पुलिस थाना सलेमपुर जिला दौसा और धर्म सिंह बावरिया पुत्र राकेश कुमार बावरिया निवासी बुजेट पुलिस थाना गीजगढ़ जिला दौसा एक नाली टोपीदार बंदूक लेकर डेडान में जंगली सूअर का शिकार करने के लिए बाइक से निकले थे।

इसके बाद तीनों शिवसिंह सैनी निवासी असरो वाला सागर से शराब खरीदने के लिए रात करीब 11.30 बजे उसके घर पहुंचे। यहां उन्होंने शिवसिंह सैनी को आवाज देकर जगाया और शराब मांगी। शिवसिंह सैनी भगवान सहाय बावरिया को शराब के दो पव्वे देते हुए 200 रुपए मांगे। इस पर भगवान सहाय ने शिवसिंह सैनी को 120 रुपए देते हुए कहा कि दिन में तो उसने 2 पव्वों के इतने ही रुपए दिए थे, जबकि शिवसिंह शराब के 200 रुपए लेने की बात अड़ा रहा। जिस पर दोनों में झगड़ा हो गया। शिवसिंह घर से डंडा लेकर आया और तीनों के साथ मारपीट कर दी। वहीं तीनों लोगों ने भी शिवसिंह के साथ मारपीट कर दी। इस पर शिवसिंह सैनी का भाई सियाराम सैनी झगड़े की आवाज सुनकर मौके पर आया लेकिन उसे भगवान सहाय बावरिया ने बंदूक से डरा कर भगा दिया। गुस्से में भगवानसहाय ने अपने कंधे पर रखी बंदूक से शिवसिंह सैनी के सिर में गोली चला दी, जिससे शिवसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद तीनों बाइक पर बैठकर नाहर खोहरा की ओर भाग गए।

घटना के बाद मृतक के भाई सियाराम सैनी पुत्र जगराम सैनी ने थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीम गठित की और डीएसटी, स्पेशल टीम, साइबर आदि ने जगह-जगह दबिश दी। आखिर में मुखबिर की सूचना पर पुलिस को जानकारी लगी कि घटना में आरोपी शीशराम भील मुडफोडी का पुरा के डूंगरों में भैरोजी के मंदिर पर है।

# खनिज विभाग की 8270.5 टन स्टोन जब्त

**डीग** (निस)। डीग जिले के सीकरी उपखंड में स्थित बांसबुर्जा गांव में निरंतर खनन की गतिविधियां की जाती रही है। इस इलाके में अवैध रूप से खनन की शिकायतें लगातार सामने आ रही थी जिसके क्रम में खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा बांसबुर्जा स्थित खनन पट्टा/क्रेशर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनन पट्टा संख्या 237/08 एवं 233/08 द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अवैध खनन किया जाना पाये जाने पर नियमानुसार मौका पंचनामा बनाया। मौका पंचनामा अनुसार खनन पट्टा संख्या 237/08 के पट्टाधारी द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खनिज मैसेनरी स्टोन मात्रा 7208 टन का अवैध खनन कर निर्गमन किया गया, जिसके संबंध में नियमानुसार शास्ती राशि रू. 32,11,520.00 आरोपित की गई। खनन पट्टा संख्या 233/08 के पट्टाधारी द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खनिज मैसेनरी स्टोन मात्रा 1062.50 टन का अवैध खनन कर निर्गमन किया, जिसके संबंध में नियमानुसार शास्ती राशि 4,87,500.00 आरोपित की गई। मौके पर किये गये अवैध खनन/निर्गमन के संबंध में खनन पट्टाधारियों को नियमानुसार नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है। बता दें कि मुख्यमंत्री का सभी अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश है।

# कलेक्टर ने किया उपखण्ड भरतपुर के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने उपखण्ड भरतपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित राजीव गांधी सेवा केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन कर पाई गई कमियों के संबंध में तत्काल कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये।

जिला कलक्टर ने राजीव गांधी सेवा केन्द्र ऊँदरा, महात्मा गांधी राजकीय

- **कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्टाफ के अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।**

विद्यालय चिकसाना, राजीव गांधी सेवा केन्द्र पीपला, राजीव गांधी सेवा केन्द्र हथैनी एवं राजीव गांधी सेवा केन्द्र चिकसाना के निरीक्षण के दौरान भवनों पर ताला लगा मिलने एवं स्टाफ के अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकसाना के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने वाले चिकित्सा अधिकारी एवं कार्मिकों को



**कलेक्टर ने उपखण्ड भरतपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित राजीव गांधी सेवा केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया**

कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में संबंधित पटवारी मुख्यालय पर उपस्थित नहीं पाये जाने पर संबंधित को स्पष्टीकरण प्रस्तुत किये जाने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने ग्राम नगला हाथी में उच्च प्राथमिक विद्यालय के नवीन निमार्णाधीन भवन का अवलोकन कर प्रगतिरत कार्यों का जायजा लिया एवं कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कराये जाने हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने इस दौरान रीको कार्यालय क्षेत्र में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये एवं रीको औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया व प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उद्यिमयों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कर उद्योग स्थापित करने में रीको एवं उद्योग विभाग समन्वय से कार्य करें।

## आचार्य रसिक महाराज का किया सम्मान

**भरतपुर** (निस)। डी ब्लॉक, रनजीत नगर स्थित पार्क में मुख्य यजमान सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी राजीव पालीवाल व पुष्पा देवी की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आचार्य रसिक महाराज का वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में ब्राहमण समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से माला, साफा, दुपट्टा पहनाकर एवं बांके बिहारी जी महाराज का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। कथा में सुदामा चरित व रुक्मिणी विवाह के महत्व का वर्णन करते हुए आचार्य रसिक महाराज ने बताया कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करें, जो कि मित्र की ग़लती पर उसे रोके और सही राह पर उसका सहयोग दे। भक्ति रस से परिपूर्ण संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य यजमान राजीव पालीवाल व पुष्पा देवी सहित समस्त पालीवाल परिवार ने भी आगंतुक अतिथियों का भावपूर्ण अभिनंदन किया। श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कौशलेश शर्मा ने बताया कि श्रीमद्भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर महाराज का सम्मान किया।

# ब्राह्मण समाज ने की चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग



**करौली पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपने आये ब्राह्मण समाज के लोग ।**

**करौली** (नि.स.)। करौली के कुड़गांव थाना क्षेत्र के परीता गांव में पिछले दिनों हुई चोरी का खुलासा करने की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज की ओर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपकर आरोपियों कि जल्द गिरफ्तारी सहित चोरी किए गए माल कि बरामदगी की मांग की।

इस दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे। ब्राह्मण समाज के रमेश राजोरिया, कैलाश चंद शर्मा,सुरेश शुक्ला, पूरण प्रताप चतुर्वेदी, केशव भारद्वाज, पप्पू पचैरी, मुकेश सालौत्री अरविंन्द शर्मा,देवेन्द्र

- **पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा**

शर्मा,शैलेन्द्र शर्मा, प्रहलाद कुमार शर्मा सहित कई अन्य लोगो ने परीता सरपंच,राजंती मीना के साथ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पेश कर बताया कि कुड़गांव थाना क्षेत्र के परीता गांव निवासी सुरेश चंद शर्मा के घर गत 4 नवंबर कि रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

मामले की प्राथमिकी कुड़गांव थाने पर कराई गई। घटना के एक सप्ताह बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिससे ब्राह्मण समाज के लोगों में आक्रोश है।

उन्होंने कहा कि करीब 50 लाख रुपये कि चोरी कि बड़ी वारदात का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है।

घटना का खुलासा नहीं होने पर नाराज परिजनों और ब्राह्मण समाज के पदाधिकारीयो ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी से मुलाकात की। एसपी से मुलाकात कर चोरी कि वारदात का जल्द से जल्द खुलासा करने और माल बरामद करने की मांग की है।